**आज का दिन** 1924 में महात्मा गांधी को उनका खराब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।

आंग सान सू की की रिहाई की मांग को लेकर जमकर नारे लगाए, सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल

# म्यांमार में सेना के खिलाफ सड़क पर लोग




यंगून | एजेंसियां

म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ बड़े पैमाने पर नागरिक नाफरमानी शुरू हो गई है। यंगून और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार रात लोगों ने कारों के हॉर्न, ड्रम और बर्तन बजाकर सैन्य शासन का विरोध किया। उन्होंने लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू की की रिहाई की मांग को लेकर जमकर नारे भी लगाए। सोशल मीडिया पर भी लोग सू की की तस्वीर पोस्ट कर उन्हें आजाद करने की मांग कर रहे हैं।

म्यांमार के इतिहास में सैन्य तख्तापलट के विरोध में अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक आंदोलन हो रहा है। लोकतंत्र समर्थक समूहों ने तख्तापलट के खिलाफ आक्रोश जताने के लिए लोगों से मंगलवार रात आठ बजे कुछ मिनट तक शोर मचाने की अपील की थी। इसके बाद बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे लोगों ने लगभग एक घंटे तक हॉर्न, ड्रम और बर्तन बजाए।

उन्होंने सू की के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए सैन्य शासन से आजादी के समर्थन में नारे लगाए। एक प्रदर्शनकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि म्यांमार की संस्कृति में ड्रम बजाने का अर्थ शैतान को भगाना होता है।

इस बीच, सू की की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी ने लोगों से सविनय अवज्ञा के जरिये सैन्य शासन की अवहेलना करने की अपील की। पार्टी के शीर्ष नेता विन तीन कहा, 'म्यांमार पर तख्तापलट रूपी अभिशाप लगा हुआ है। इसी के चलते हमारा देश गरीब बना हुआ है। मैं अपने साथी नागरिकों और उनके भविष्य को लेकर चिंतित हूं। 2020 के आम चुनाव में हमारा समर्थन करने वाले लोग सविनय अवज्ञा में हिस्सा लें।'

**सैकड़ों सांसदों पर लगे प्रतिबंध हटाने शुरू किए :** पार्टी प्रवक्ता की तोए ने बताया कि सेना ने सरकारी परिसर में नजरबंद रखे गए सैकड़ों सांसदों पर लगे प्रतिबंध हटाने शुरू कर दिए हैं। सैन्य शासन ने सांसदों से अपने घर जाने के लिए कहा है। सू की को कुछ और समय के लिए नजरबंदी में रखा जाएगा।

**सू की पर आयातित वॉकी टॉकी रखने का आरोप :** म्यांमार की पुलिस ने आंग सान सू की पर अपने आवास में अवैध तरीके से आयातित कई वॉकी-टॉकी रखने का आरोप लगाया है। दोषी करार दिए जाने पर सू की को दो साल जेल की सजा हो सकती है।


यंगून में मंगलवार रात को सेना के खिलाफ बर्तन बजाकर प्रदर्शन करते लोग। • एपी

**70** अस्पतालों के कर्मचारियों ने आंदोलन में हिस्सा लेते हुए काम रोकने की घोषणा की

> सभी तथ्यों की समीक्षा के बाद हमारा आकलन है कि म्यांमार में निर्वाचित शासन प्रमुख को हटाने की सैन्य कार्रवाई तख्तापलट के समान है। अमेरिका म्यांमार में कानून के शासन और लोकतंत्र के सम्मान का समर्थन करता रहेगा।
> –नेड प्राइस, विदेश मंत्रालय प्रवक्ता, अमेरिका

## चुनावों में धांधली की जांच कराएगी सेना

**नायपीदा।** म्यांमार में सोमवार के तख्तापलट के बाद बनी सैन्य सरकार पिछले साल के चुनावों में कथित धोखाधड़ी की जांच की योजना बना रही है। वह कोविड-19 महामारी से निपटने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के उपायों को भी प्राथमिकता देगी। म्यांमार के सरकारी अखबार 'ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार' ने एक सैन्य नेता के हवाले से यह जानकारी दी।

# भविष्य के ईंधन हाइड्रोजन पर मिशन शुरू करेगा भारत

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता


आम बजट में प्रदूषण की रोकथाम से लेकर जलवायु खतरों से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा पर फोकस किया गया है। सबसे बड़ा ऐलान दस लाख से ज्यादा आबादी वाले 42 शहरों में प्रदूषण से निपटने के लिए 2217 करोड़ रुपये का आवंटन एवं हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन पर कार्य शुरू करना है।

देश के शहर प्रदूषण की सर्वाधिक चपेट में हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय पहले ही राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम (एनकैप) शुरू कर चुका है। इसके तहत 127 शहरों में प्रदूषण की रोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं। जिसके लिए पिछले बजट में 4400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

**42 महानगरों के लिए अलग से 2217 करोड़ रुपये आवंटित :** इस बार इनमें से 42 महानगरों के लिए अलग से 2217 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दरअसल, यह 42 शहर सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैं जहां बड़े स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। बजट में हाइड्रोजन ऊर्जा नीति की घोषणा को भी बेहद अहम माना जा रहा है। हाइड्रोजन भविष्य का स्वच्छ ईंधन है। हमारे देश में हाइड्रोजन से चलने वाले वाहन तो बने हैं लेकिन उपलब्धता और उसके इस्तेमाल की दिशा में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। इसलिए माना जा रहा है कि जिस प्रकार सौर मिशन में भारत ने बड़े लक्ष्य निर्धारित किए और तेजी से उस पर कार्य किया है, उसी प्रकार आने वाले दिनों में हाइड्रोजन ऊर्जा को लेकर भी रणनीति तैयार होगी।

**विशेषज्ञ की राय**

## बड़े लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक कदम


आरती खोसला
पूर्व एडीजी, सीमा
निदेशक क्लाईमेट ट्रेंड

**हाइड्रोजन** ऊर्जा मिशन की घोषणा बेहद महत्वपूर्ण है। आज पूरी दुनिया में कोयले का विकल्प तलाशने की बात हो रही है।

यदि कोयले के इस्तेमाल को सीमित करना है तो इस्पात और सीमेंट जैसे उद्योगों में जहां बिजली की खपत बहुत ज्यादा होती है तो वहां हाइड्रोजन ऊर्जा बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है। जर्मनी समेत कई यूरोपीय देश हाइड्रोजन नीति का ऐलान भी कर चुके हैं। यह भी संभावना है कि भारत देर-सवेर कार्बन निरपेक्ष बनने का लक्ष्य घोषित कर सकता है। ऐसे में सौर ऊर्जा के साथ-साथ यदि हाइड्रोजन ऊर्जा पर भी काम तेज हो तो यह लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाएगा। इसलिए हाइड्रोजन ऊर्जा पर आगे बढ़ना वक्त की जरूरत है।

इसी प्रकार 42 महानगरों में प्रदूषण से निपटने के लिए अलग से आवंटन करना करना भी एक सकारात्मक कदम है। इससे राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम को गति मिलेगी। लेकिन यह सरकार को जरूर सुनिश्चित करना होगा कि आवंटन के साथ-साथ कार्यक्रम का जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन हो।

बजट में वाहनों के लिए कबाड़ नीति की घोषणा भी अच्छा कदम है। पुराने वाहन प्रदूषण में इजाफा तो करते ही हैं साथ ही यह सड़कों पर कबाड़ के रूप में खड़े रहते हैं। नई नीति में इनके निपटान का रास्ता साफ होगा।

# शोध कलस्तर स्थानीय समस्याओं को हल करेगा

नई दिल्ली | मदन जैड़ा

दिल्ली-एनसीआर में स्थिति वैज्ञानिक महकमों को जोड़कर एक शोध कलस्तर बनाया जाएगा जिसका मकसद स्थानीय समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान तलाश करना होगा।

देश में ऐसे कुल नौ समूह बनाए जाने की योजना है। इससे वैज्ञानिक संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। विश्वविद्यालय को शोध संस्थानों के साथ काम करने से फायदा मिलेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने बजट में इस योजना का ऐलान किया है। देश में कई शहर ऐसे हैं जहां बड़े पैमाने पर शोध संस्थान हैं। इनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकात्ता, हैदराबाद, बेंगलूर, चेन्नई लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़ आदि शामिल हैं। इनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सीएसआईआर, डीआरडीओ, कृषि अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाएं हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. आशुतोष शर्मा ने कहा कि नई योजना के तहत इन संस्थानों का एक नेटवर्क बनाकर एक नोडल एजेंसी सुनिश्चित की जाएगी। जैसे दिल्ली के लिए दिल्ली में स्थिति सभी शोध संस्थानों के साथ-साथ एनसीआर में स्थित शोध केंद्रों को भी शामिल किया जाएगा। एनसीआर में ऐसे दर्जनों संस्थान हैं जिनमें से एक चुनिंदा शोध संस्थानों को शामिल कर रिसर्च कलस्तर बनाया जाएगा।

**एक कलस्तर में कई संस्थानों के शोध कार्य में दोहराव नहीं होगा :** इसी प्रकार के कलस्तर नौ महानगरों में बनाए जाने की योजना है। हैदराबाद में कुल 40 संस्थान हैं। प्रयास का मतलब शोध संस्थानों में सामंजस्य स्थापित करना है। इससे एक कलस्तर में कई संस्थानों के शोध कार्य में दोहराव नहीं होगा।

### दिल्ली-एनसीआर समूह के गठन की प्रक्रिया जल्द

सभी संस्थान मिलकर स्थानीय समस्याओं का समाधान तलाश करने के लिए कार्य करेंगे। जैसे दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या, यातायात की समस्या, या कोई भी ऐसी समस्या जो इस क्षेत्र में सर्वाधिक है। सभी संस्थान मिलकर उस पर शोध करेंगे और उसका समाधान तलाश करेंगे। शर्मा के अनुसार अभी इसका खाका तैयार हो रहा है तथा दिल्ली-एनसीआर समूह के गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# चीनी आक्रामकता का विरोध करेंगे : बाइडन प्रशासन

वाशिंगटन | एजेंसी

बाइडन प्रशासन ने मंगलवार को माना कि चीन अमेरिका का बड़ा प्रतिद्वंद्वी है। साथ ही कहा कि वह बीजिंग की आक्रामक एवं प्रतिरोधी कार्रवाई का खुलकर विरोध करेगा। अमेरिका और चीन के संबंध पहले कभी इतने खराब नहीं रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, कोरोना वायरस की उत्पत्ति, दक्षिण चीन सागर में आक्रामक सैन्य कार्रवाई, मानवाधिकार उल्लंघन और ताइवान समेत कई मामलों को लेकर तनाव की स्थिति है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने संवाददाता से कहा, हम जब चीन की बात करते हैं तो हम बीजिंग के प्रति अपना रणनीतिक दृष्टिकोण बताते हैं। हमारी चीन के साथ गंभीर प्रतिद्वंद्वता है।

### ट्रंप की कठोर आव्रजन नीतियां पलटीं

बाइडन ने बुधवार को उन तीन कार्यकारी आदेश पर दस्तखत किए, जिनमें पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन की ओर से लागू कठोर आव्रजन नीतियों को पलटने का प्रावधान है। बाइडन ने कहा, 'मैं नए कानून नहीं बना रहा हूं, बल्कि बुरी नीतियों का खात्मा कर रहा हूं। कार्यकारी आदेश ज्यादा व्यवस्थित, निष्पक्ष और मानवीय आव्रजन प्रणाली सुनिश्चित करेंगे।'

## एलेजांद्रो अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने मंगलवार को आंतरिक सुरक्षा मंत्री के तौर पर एलेजांद्रो मयोर्काज के नाम पर मुहर लगा दी। वह इस पद पर काबिज होने वाले पहले लातिन-अमेरिकी आव्रजक होंगे।

उन पर कोरोना संक्रमण, रूसी साइबर हमले और घरेलू चरमपंथ जैसी समस्याओं से निपटने की बाइडन प्रशासन की रणनीति तैयार करने का जिम्मा होगा। सीनेट ने आंतरिक सुरक्षा मंत्री पद के लिए 43 के मुकाबले 56 मतों से मयोर्काज के नाम की पुष्टि हुई।

## भारतवंशी कृष्णामूर्ति को अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को कांग्रेशनल एशियन पेसिफिक अमेरिकन कॉकस (सीएपीएसी) के आव्रजक कार्यबल का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

सीएपीएसी आव्रजन कार्यबल का लक्ष्य ड्रीमर्स एंड टेम्परेरी प्रोटेक्ट स्टेटस लाभार्थियों को सुरक्षा प्रदान करना, समग्र आव्रजन सुधार को समर्थन देना, प्रवासियों संबंधी आवश्यक प्रक्रिया को पुनः स्थापित करना और नागरिकता के लिए पहुंच प्रोत्साहित करने जैसे मामलों में मदद देना है। **(एजेंसी)**

# स्कूली शिक्षा बेहतर बनाने को सेवानिवृत्त शिक्षक जोड़े जाएंगे

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में यह समस्या अब दूर होगी। वहां पर सेवानिवृत्त शिक्षकों के सहयोग से पढ़ाई कराई जाएगी। सरकार ने हजारों सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मिलित किए जाने की योजना बनाई है।

देश में कई वरिष्ठ और सेवानिवृत्त शिक्षक हैं जिनका उपयोग नौकरी पर लगे शिक्षकों में विभिन्न विषयों में प्रतिभा विकास के लिए किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन ऑफ़लाइन माध्यमों का प्रयोग किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय शिक्षकों के लिए मानक भी तैयार करेगा, जो बेहतर सुधारों को लागू करने में मदद करेगा। भारत के ग्रामीण इलाकों में ऐसा करना जरूरी है, जहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी का मुद्दा काफी समय से चला आ रहा है। सेवानिवृत्त शिक्षकों का चयन होने से स्टाफ की कमी से जूझ रहे स्कूलों को थोड़ी राहत मिलेगी।

केपीएमजी इंडिया के पार्टनर और लीडर (शिक्षा एवं कौशल विकास) नारायणन रामास्वामी जैसे विशेषज्ञों का मानना है कि व्यावसायिक मानकों का विकास शिक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। हालांकि इस बार के बजट में शिक्षा पर परिव्यय अपर्याप्त दिखता है। बजट में कहा गया है कि राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक एनपीएसटी के रूप में सभी स्कूली शिक्षकों के लिए एक मानक तय किए जाएंगे। यह शिक्षकों की क्षमताओं को बढ़ाएगा और देश में सार्वजनिक और निजी स्कूलों के सभी 92 लाख शिक्षकों द्वारा इसका अनुपालन किया जाएगा।

mint

## भारत ईआईयू लोकतंत्र सूचकांक में फिसला

**नई दिल्ली।** भारत लोकतंत्र सूचकांक की वैश्विक रैंकिंग में दो स्थान फिसलकर 53वें स्थान पर आ गया है। द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) ने कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता पर कार्रवाई के कारण देश 2019 की तुलना में दो स्थान फिसल गया। **(एजेंसी)**

## न्यूज सामग्री के बदले भुगतान का समर्थन

**कैनबेरा।** माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया सरकार की उस योजना के प्रति समर्थन जताया, जिसके तहत गूगल सहित अन्य बड़ी डिजिटल कंपनियों से कहा गया है कि उन्हें समाचार सामग्री का इस्तेमाल करने के लिए स्थानीय मीडिया संगठनों को भुगतान करना चाहिए।

कंपनी ने यह भी कहा कि अगर गूगल ऑस्ट्रेलिया में अपनी सेवाएं बंद करने का फैसला लेती है तो माइक्रोसॉफ्ट छोटे कारोबारियों के विज्ञापनों को बिंग में स्थानांतरित करने में मदद करेगी। बिंग माइक्रोसॉफ्ट का सर्च इंजन है।

# रूस में नवेलनी की सजा के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

**मॉस्को।** रूस में मंगलवार रात जमानत शर्तों के उल्लंघन मामले में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को सुनाई गई सजा के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। मॉस्को की एक अदालत ने नवलनी को जर्मनी में अपने ऊपर हुए नर्व एजेंट (जहर) हमले का इलाज कराने के दौरान जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें ढाई साल से ज्यादा की कैद की सजा सुनाई थी।

राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के कटु आलोचक नवलनी ने अदालती कार्रवाई को देश के लाखों लोगों को डराने की झूठी कोशिश करार दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी मध्य मॉस्को के कई इलाकों और सेंट पीटर्सबर्ग के मुख्य स्थान नेवस्काई प्रॉस्पेक्ट में इकट्ठा हो गए। दंगा-निरोधक पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वाहनों में बैठा दिया। 'मेडुजा' ने वीडियो जारी दिखाया कि पुलिस एक यात्री और टैक्सी चालक को वाहन से खींच रही है। उसने 650 लोगों को हिरासत में लिए जाने का दावा किया।

अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने अदालत के आदेश के बाद कहा, 'हम रूस सरकार से नवलनी को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा करने की अपनी मांग दोहराते हैं। हम हाल के समय में शांतिपूर्ण तरीके से इकट्ठा होने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे लोगों को भी छोड़ने करने की मांग करते हैं।' 44 वर्षीय नवलनी को 17 जनवरी को जर्मनी से लौटने पर गिरफ्तार कर लिया गया था। **(एजेंसी)**

## गांधी प्रतिमा में तोड़फोड़ की जांच हो

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी मूल के सांसदों ने कैलिफोर्निया में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ को दुर्भावनापूर्ण कृत्य करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना की जांच एफबीआई से कराने की मांग की है। बीते हफ्ते कुछ अज्ञात लोगों ने बापू की कांस्य प्रतिमा तोड़ दी थी।


**सार्वजनिक सूचना**

निदेशक नगर एवं देश योजना, हरियाणा, चंडीगढ़, ने 101.218 एकड़ भूमि पर आवासीय प्लाटेड़ कॉलोनी, सेक्टर 91 व 92, गुरुग्राम, में स्थापित करने हेतु लाईसेंस नंबर 59 ऑफ 2011 दिनांक 28.06.2011 प्रदान किया है। कोलोबोरेटर्स द्वारा लाईसेंस के क्षेत्र 4.50625 एकड़ के हस्तांतरण के अनुमोदन के अनुसरण में, निदेशक नगर एवं देश योजना, हरियाणा, चंडीगढ़, ने ज्ञापन संखया एलसी–2523–वी–जेई(डीएस)–2021/1997 दिनांक 27.01.2021 से सैद्धांतिक स्वीकृती मै0 डी. एल. एफ. यूटिलिटिज लिमिटेड के पक्ष मे प्रदान की है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के तहत उपरोक्त क्षेत्र के आवंटियों, से अनुरोध है, कि अगर उन्हें प्रस्तावित हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्तियॉ वरिष्ठ नगर योजनाकार, सेक्टर 14, गुरुग्राम, के कार्यालय मे दाखिल कर सकते है। साथ ही आपत्तियों की एक प्रतिलिपि अद्योहस्ताक्षरी को भी पृष्ठांकित करे। अन्यथा यह माना जायेगा कि इस प्रस्तावित हस्तांतरण पर किसी को भी कोई आपत्ति नही है।

गुरुग्राम
फरवरी 04, 2021
(नीलू गोयल)
द्वारा मै0 डीएलएफ यूटिलिटिज लिमिटेड
CIN No. U01300HR1989PLC030646

**सार्वजनिक सूचना**

निदेशक नगर एवं देश योजना, हरियाणा, चंडीगढ़, ने अपने ज्ञापन संख्या LC-2523-V/JE (DS)/2021/1994 दिनांक 27.01.2021 द्वारा, क्षेत्र 0.3875 एकड को समर्पण करने की सैद्वांतिक अनुमति दी है । 0.3875 एकड, लाईसेंस नं0 59 आफ 2011 दिनांक 28.06.2011 का अंश है व रेजीडेंशियल प्लोटेड़ कालोनी, सेक्टर 91 व 92, गुरुग्राम का हिस्सा है। पूर्व मे अनुमोदित ले–आउट प्लान्स व संशोधित ले–आउट प्लान्स अवलोकन हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रथम तल, गेटवे टॉवर, डीएलएफ सिटी फेस 3, गुरुग्राम, मे उपलब्ध है। ले–आउट प्लान्स कम्पनी की वेबसाइट, www.dlf.in, पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है। इस सार्वजनिक सूचना के तहत उपरोक्त क्षेत्र के आवंटियों से आग्रह किया जाता है, यदि उन्हें प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति है तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्तियॉ डिस्ट्रिक्ट नगर योजनाकार, सेक्टर 14, गुरुग्राम, के कार्यालय मे दाखिल कर सकते है। साथ ही आपत्तियों की एक प्रतिलिपि अद्योहस्ताक्षरी को भी पृष्ठांकित करें। अन्यथा यह माना जायेगा कि प्रस्तावित संशोधन से किसी भी आवंटी को कोई आपत्ति नही है।

गुरुग्राम
फरवरी 04, 2021
(नीलू गोयल)
द्वारा मै0 डीएलएफ यूटिलिटिज लिमिटेड
CIN No. U01300HR1989PLC030646

**ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता यांत्रिक खण्ड सं.-2, सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, विकास भवन, सिविल लाइंस, दिल्ली-110054 द्वारा समान प्रकृति के कार्य में विशेषज्ञताप्राप्त एजेंसियों या भारत/राज्य सरकार के विभागों, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, MES, रेलवे, CPWD के योग्य ठेकेदारों जो समान प्रकृति के कार्य करते हों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम:** हेवी अर्थ मूविंग मशीनों का आर/एम वर्ष 2020-21 के लिए।

**उप-कार्य:** DUC मशीनों का संचालन और निवारक रखरखाव 6 महीने की अवधि के लिए काम शुरू करने की तारीख से।

**शखा शीर्षक:** - MH 2711 NON PLAN

**अनुमानित लागत** - रु. 17,48,484/-

**धरोहर राशि:** रु. 34,970/-

**कार्य पूर्णता की अवधि :** 180 दिन,

**निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि तथा समय:** 06.02.2021 अपराह्न 3.00 बजे (Tender I.D. - 2021_IFC_199257_1)

टिप्पणीः 1. निविदा प्रपत्र तथा अन्य विवरण कार्यालय वेबसाइट http://govtprocurement.delhi.gov.in पर उपलब्ध हैं।

DIP/Shabdarth/0594/20-21

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अनुबंध कार्य हेतु निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना क्र.: WRS-RE-20-BOXNR-2020-21 दिनांक 29.01.2021

**कार्य का नाम:** 11 (ग्यारह) माह की अवधि के लिए "बॉक्स एन आर वैगन (मात्रा 137 नग) का स्ट्रिपिंग, फिटिंग और वेल्डिंग का कार्य वर्कशॉप क्षेत्र के अन्दर करने बाबत्। **अनुमानित निविदा मूल्यः** 42,96,763.54 (रुपये बयालीस लाख छियानबे हजार सात सौ तिरसठ और चौवन पैसा मात्र) जीएसटी सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधिः** संलग्नक के अनुसार, 11 (ग्यारह) माह की अवधि के लिए। **बयाना राशि रु.:** शून्य, **निविदा प्रपत्रों की लागत रु.:** शून्य, **निविदा समाप्ति की तिथि और समयः** 01.03.2021 को 15:00 बजे। **बिड प्रारंभ की तारीखः** 15.02.2021, **पात्रता मापदंडः** वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपल्ब्ध है।

उप.मुख्य यांत्रिक अभि.(पीओएच)/वैरिशा
पीआर/आर/डब्ल्यूआरएस/अनु/138 द.पू.म.रेलवे/रायपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पश्चिम रेलवे**

ई- निविदा सूचना सं. 04/एमवाईएस/2021 दिनांकः 20.01.2021

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरी निम्नांकित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (आईआरईपीएस) आमंत्रित करते हैंः

| क्र.सं. | कार्यों का नाम | अनुमानित मूल्य |
|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल अभियंता/सकलेशपुर उप मंडलः एक वर्ष की अवधि के लिए सकलेशपुर - सुब्रमण्या रोड स्टेशनों के बीच रेलवेज़ ग्रीस के साथ कर्व्स में रेल्स की ग्रिसिंग। | रु. 34,15,743/- |
| 2. | सहायक मंडल अभियंता/मैसूरू उप मंडलः मैसूरू-अर्सिकेरे सेक्शन में पुल नं. 119ए(2X9.14एम) में पीएससी स्लैब के साथ स्पान 9.14एम के स्टील गार्डर युक्त पुलों को बदलना (कुल-2 स्पान्स)। | रु. 71,04,536/- |
| 3. | सहायक मंडल अभियंता/चित्रदुर्गा उप मंडलः मैसूरू- लोको कॉलोनी, वोन्टिकोप्पल रेलवे कॉलोनी और अशोकापुरम कॉलोनी में पेड़ की शाखाओं की कटाई। | रु. 13,23,000/- |

बोलियां जमा करने की अंतिम तिथिः 11.02.2021 को 11.00 बजे तक

विवरण हेतु लॉग ऑन करें: www.ireps.gov.in

मंडल रेल प्रबंधक (वर्क्स) मैसूरू

PUB/252/AAV/PRB/SWR/2020-21

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन**

1, नवाब युसूफ रोड सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001
फैक्स सं0- 0532-2407797 www.core.indianrailways.gov.in

निविदा सूचना सं0 ST205044 **शुद्धि पत्र-1** दिनांक- 03.02.2021

04.02.2021 को जारी किए गए ई-टेंडर नं0 ST205044 के संबंध में निम्नलिखित विवरण जारी किया गया हैः-

| ई-निविदा सं0 | मद का विवरण | मौजूदा खुलने की तिथि | संशोधित खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| एसटी 205044 | पीवीसी इंसुलेटेड पीवीसी शीथेड आर्मर्ड रेलवे सिग्नलिंग पॉवर केबल 2 कोर x 25 sq. mm | 04.02.2021 | 18.02.2021 |
| | इस निविदा के लिए पीवीसी की गणना के लिए बेस माह दिसंबर 2020 है। | | |

नोटः निविदा शुद्धि पत्र-1 के पूर्ण विवरण IREPS वेबसाइट यानी http://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक/कोर/प्रयागराज
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से

पीआर/668/2021 ADK

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता दिल्ली के अधीन पटेल नगर फुट ओवर ब्रिज एल सी–सी–4 पर रैंप का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,87,23,965.59 (रुपए एक करोड़ सतासी लाख तेईस हजार नौ सौ पैंसठ और उनसठ पैसे केवल) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0/– |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.02.2021 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा आई आर पी एस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/37/2020–21/डब्यू–3 दिनांक : 03.02.2021** 254/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.com एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 1. | 82/मु0म0प्र0/व0प्र0(व0स0–5)/2020–21, कार्य का नामः– सड़कों के अनुरक्षण कार्य के अन्तर्गत कोण्डली मार्ग पर सैक्टर–57, 55 व 54, 22 के चौराहे से सैक्टर–56 के गेट नं0–1 तक फुटपाथ व सेन्ट्रल वर्ज की मरम्मत का कार्य, नौएडा। –**लागत रू0 80.37 लाख** |
| | 2. | 83/मु0म0प्र0/व0प्र0(व0स0–5)/2020–21, कार्य का नामः– सैक्टर–71 में पुलिस स्टेशन का निर्माण कार्य (सैक्टर–71 में अग्निशमन केन्द्र की चारदीवारी का निर्माण एवं बाह्रय विकास कार्य), नौएडा। –**लागत रू0 62.36 लाख** |
| | 3. | 86/मु0म0प्र0/व0प्र0(व0स0–5)/2020–21, कार्य का नामः– सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य के अन्तर्गत सैक्टर–71 के पॉकेट ए–5 व बी–2 की आन्तरिक सड़क की पटरियों पर सी॰सी॰ पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, नौएडा। –**लागत रू0 65.42 लाख** |

**जिन्हें दिनांक 17.02.2021 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 18.02.2021 को प्रातः 11.00 बजे खोली जाएंगी।**

मुख्य महाप्रबंधक
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

**भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः स्कोप कॉम्प्लैक्स, कोर–8, छठा तल, 7 लोदी रोड, नई दिल्ली–110003
टेलीफैक्सः 011–24360249 वेबसाइट : www.itdc.co.in सीआईएन :L74899DL1965GOI004363

**सूचना**

सेबी (एलओडीआर) विनियमों, 2015 के खंड 47(1) के अनुसार इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के साथ–साथ **31 दिसम्बर, 2020** को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के अनुमोदन के लिए निगम के निदेशक बोर्ड की बैठक **गुरूवार, 11 फरवरी, 2021** को **1730 बजे** आईटीडीसी मुख्यालय, स्कोप कॉम्प्लैक्स, कोर–8, छठा तल, 7 लोदी रोड, नई दिल्ली–110003 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.02.2021

ह./–
वी.के. जैन
कंपनी सचिव

टिप्पणीः 1 जनवरी, 2021 से 15 फरवरी 2021 तक ट्रेडिंग विंडो बंद रहेगी

आपकी सभी यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य आवश्यकताओं के लिए एक स्थान समस्त समाधान

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

पत्रांकः जी.एम./(अभियन्त्रण)/2021/196ए दिनांकः 29.01.2021

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नौएडा की ओर से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– जी.एम./(अभियन्त्रण)/2021/196 दिनांक 29.01.2021 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या–01 से 17 पर अंकित कार्य की ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइटः www.greaternoidaauthority.in पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

(अ)

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | सैक्टर के.पी.–4 जी.एन.आई.डी.ए. ऑफिस बिल्डिंग में 1 नग 6000 के.वी.ए. ऑटोमेटिक वोल्टेज रेगुलेटर का ओवरहॉलिंग एवं रेक्टिफिकेशन कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रु. 9.54 लाख |
| 2. | ग्राम खेड़ा चौगानपुर, डेरीन एवं तुस्याना में स्ट्रीट लाईट का 1 वर्ष का अनुरक्षण कार्य। (पैकेज–4) (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–1) | रु. 12.83 लाख |
| 3. | सैक्टर–2 (पॉकेट–ए, ई एवं एफ) में अवशेष स्ट्रीट लाईट फिटिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–1) | रु. 14.84 लाख |
| 4. | नौएडा–ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेसवे पर कैश वैरियर की रिपेयरिंग तथा सैक्टर चाई–4 में गेट का कार्य। (वर्क सर्किल–4) | रु. 21.94 लाख |
| 5. | सैक्टर बीटा–1 एवं बीटा–2 में स्ट्रीट लाईट का 6 महीने का अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रु. 26.63 लाख |
| 6. | सैक्टर म्यू रिक्रिएशनल में सीवर लाईन को आई.पी.एस. से जोड़ने के लिए मैनहोल का डिप्लगिंग एवं क्लीनिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–सीवर) | रु. 33.87 लाख |
| 7. | सैक्टर ईकोटेक–1 (एक्सटेंशन–1) में सीवर लाईन को आई.पी.एस. से जोड़ने के लिए मैनहोल का डिप्लगिंग एवं क्लीनिंग कार्य। (वर्क सर्किल–सीवर) | रु. 36.99 लाख |
| 8. | सैक्टर ईकोटेक–6 में सीवर लाईन को आई.पी.एस. से जोड़ने के लिए मैनहोल का डिप्लगिंग एवं क्लीनिंग कार्य। (वर्क सर्किल–सीवर) | रु. 37.54 लाख |
| 9. | क्राउन प्लाजा के पीछे आर.सी.सी. ड्रैन का निर्माण तथा मुबारिकपुर में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों का इण्टरलॉकिंग टाईल्स एवं ड्रैन रिपेयर का कार्य। (वर्क सर्किल–4) | रु. 47.17 लाख |
| 10. | टैकजोन–4 आर.आई.एस.ई. पुलिस चौकी से अपैक्स गोल्फ ऐवेन्यू–2 के टी–प्वाइंट तक 60 मी. चौड़ी रोड़ पर स्ट्रीट लाईट का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–1) | रु. 48.84 लाख |
| 11. | सैक्टर ईकोटैक–1 (एक्सटेंशन–1) की 60 मी. चौड़ी रोड़ की सर्विस रोड़ का सुदृढ़ीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रु. 76.64 लाख |
| 12. | सैक्टर ईटा–7 में अवशेष बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण। (वर्क सर्किल––5) | रु. 110.85 लाख |
| 13. | पुलिस लाईन से ईकोटैक–3, यू.के.–2 तक सीवर लाईन को जोड़ने के लिए सीवर कनेक्टिंग लाईन का कार्य। (वर्क सर्किल–सीवर) | रु. 117.15 लाख |
| 14. | 60 मीटर चौड़ी कासना रोड़ एवं जी.आई.एम.एस. रोड़ के साथ आर.सी.सी. ड्रैन का प्री–कास्ट स्लैब एवं ड्रैन कवरिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रु. 138.43 लाख |

**जिन्हें दिनांक-04.02.2021 से 15.02.2021 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 17.02.2021 को 11:00 बजे खोली जाएगी।**

(ब)

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम रोजा याकूबपुर में 6% आबादी भूखण्डों का अवशेष विकास कार्य। (वर्क सर्किल–1) | रु. 483.15 लाख |
| 2. | 137 एम.एल.डी. एस.टी.पी. से आई.आई.टी.जी.एन.एल. तक डी.आई. ट्रीटेट वॉटर सप्लाई लाईन का कार्य। (वर्क सर्किल–सीवर) | रु. 803.80 लाख |
| 3. | सैक्टर ईकोटैक–10 का आन्तरिक विकास कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रु. 1808.87 लाख |

**जिन्हें दिनांक-08.02.2021 से 22.02.2021 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 24.02.2021 को 11:00 बजे खोली जाएगी।**

महाप्रबंधक (अभियन्त्रण)